Class - VIII

Pg-1

Ch: 2 - वर्ण के भेद (व्याकरण)

Sub - Lower Hindi

Page No :

Date :

अभ्यास (Exercise)

Q1: एक शब्द में उत्तर दीजिए -

क) हमारे मुँह से निकलने वाली प्रत्येक ध्वनि का -
→ अलग मतलब होता है।

ख) 'तालाब' शब्द की ध्वनि है -
→ त् + आ + ल् + आ + ब + अ

ग) वर्ण होते हैं -
→ दो प्रकार के

घ) स्वर होते हैं
→ ग्यारह

Q2: रिक्त स्थान भरिए -

क) हिन्दी भाषा में 52 ध्वनियाँ हैं।

ख) सबसे छोटी ध्वनि को वर्ण कहते हैं।

ग) वर्णों से शब्द बनते हैं।

घ) व्यंजन को स्वर के बिना लिखने के लिए हलंत लगाते हैं।

Q3: वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए -

क) ख् + अ + ज् + ऊ + र् + अ = खजूर

ख) ब् + अ + र् + अ + ग् + अ + द् + अ = बरगद

ग) ट् + ओ + क् + अ + र् + ई = टोकरी

घ) ब् + अ + ह् + ए + ल् + इ + य् + आ = बहेलिया

## Extra Questions (Inside)

Q1. वर्ण किसे कहते हैं?
→ ध्वनि की सबसे छोटी इकाई जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे वर्ण कहते हैं।

Q2. वर्ण कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए -
→ वर्ण दो प्रकार के होते हैं :-
अ) स्वर वर्ण
आ) व्यंजन वर्ण

Q3. हिन्दी में कितने स्वर और कितने व्यंजन होते हैं?
→ हिन्दी में ग्यारह स्वर और तैंतीस व्यंजन होते हैं।

Q4. वर्णमाला किसे कहते हैं?
→ स्वर और व्यंजनों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

Q5. 'ऋ' ( ृ ) की मात्रा लगाकर पाँच शब्द लिखिए।

→ कृति, पृष्ठ, गृह, मृग, तृण।

-x-